कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***,

विज्ञप्ति संख्याः 30/2026 दिनांकः 06 जुलाई, 2026

चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) परीक्षा–2026

कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों हेतु प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की सन्निरीक्षा (Scrutiny) के उपरान्त सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/06/2024–25/294, दिनांकः 09 अप्रैल 2026 के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की सन्निरीक्षा (Scrutiny) के पश्चात् ऐसे अभ्यर्थियों की सूची, जिन्होने विज्ञापन में उल्लिखित मापदण्डों को पूर्ण नहीं किया गया है या अर्हता धारित नहीं करते हैं या श्रेणी–उपश्रेणी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये है या वैध नहीं है या वांछित अभिलेख ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ उपलब्ध नहीं कराये हैं।, बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org पर उपलब्ध पत्र संख्या उ0चि0से0च0बो0/परी0/06/2024–25/538, दिनांक 06 जुलाई, 2026के माध्यम से प्रकाशित की गई है। बोर्ड कार्यालय द्वारा जारी अभ्यर्थियों की सूची के सम्बन्ध में यदि कोई अभ्यर्थी अपनी अर्हता/अभ्युक्ति के सापेक्ष कोई कथन लिखित रुप में देना चाहते हैं तो अपना प्रत्यावेदन बोर्ड कार्यालय में ई–मेल **ukmssbexam@gmail.com** पर, व्यक्तिगत रुप से अथवा किसी माध्यम से निर्धारित प्रारुप के साथ स्वप्रमाणित साक्ष्य सलग्न कर दिनांक 06 जुलाई 2026 (सोमवार) से 10 जुलाई 2026 (शुक्रवार) सांय 05.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। यह अंतिम अवसर है, उक्त के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव